न्यूज 12 भारत
सच्ची बात
डिजिटल मीडिया
Website : www.news12bharat.com
संस्करण : धनबाद | मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया

# बतकही के 27वीं कड़ी के रूप में शतरंज के खिलाड़ी का प्रस्तुतीकरण

न्यूज12 भारत संवाददता



औरंगाबाद : जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ओवर ब्रिज बाईपास के समीप शिक्षक एवं प्रसिद्ध कवि चंदन पाठक के आवास पर बतकही की 27 वीं प्रस्तुति महान साहित्यकार प्रेमचंद रचित शतरंज के खिलाड़ी का वाचन किया गया।पुरुषोत्तम पाठक एवं चंदन पाठक के संयुक्त संयोजकत्व में आयोजित बतकही की अध्यक्षता सिंहा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ सी एस पांडेय की ने किया जबकि संचालन जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ कुमार वीरेंद्र,प्रो चितरंजन कुमार,प्रो अनिरुद्ध सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही। 27 वीं कड़ी के रूप में महान साहित्यकार प्रेमचंद रचित शतरंज के खिलाड़ी कहानी का वाचन जीवंत स्वरूप में प्रोफेसर चितरंजन कुमार ने किया। कहानी की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय स्तर के समीक्षक कुमार वीरेंद्र ने कहा कि शतरंज की कहानी का आज 100 साल पूरे हो गए हैं इसका प्रकाशन 1924 में हुई थी। लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह के 1856 ई में विलासिता के इर्द-गिर्द घूमती कहानी दो अमीर मीर और मिर्जा के माध्यम से दर्शाया है। शतरंज के खेल में इतने मशगूल हुए कि अपने शासन और परिवार का भी परवाह नहीं रही।दोनों का पतन हो जाता है।चितरंजन कुमार ने प्रेमचंद के माध्यम से कहा कि उन्होंने अतिशयोक्ति का सहारा ज्यादा लिया है। प्रोफेसर अनिरुद्ध कुमार ने कहानी के माध्यम से शतरंज के इतिहास पर प्रकाश डाला।डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि बतकही ने औरंगाबाद के साहित्यिक भूख को बढाई है।प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिव नारायण सिंह ने कहा कि प्रेमचंद ने इस कहानी के माध्यम से उस समय के सामंती समाज की पतनशीलता को दिखाया है।डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने आभार प्रकट किया एवं चंदन पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन किया।मौके पर धनंजय जयपुरी,डॉ शिवपूजन सिंह,डॉ रामाधार सिंह,वीर रस के कवि राम किशोर सिंह,राम सुरेश सिंह,हरेंद्र सिंह,अर्जुन सिंह,सिंहेश सिंह,अशोक कुमार सिंह,लालदेव प्रसाद,मुरलीधर पांडेय,नागेंद्र केसरी,सुरेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाघमारा।सिनीडीह सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा का विसर्जन



न्यूज12 भारत संवाददता

मधुबन थाना क्षेत्र श्री श्री दुर्गा पूजा सार्वजनिक समिति सिनीडीह का मूर्ति विसर्जन किया गया। इस अवसर पर महिलाएं ने सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना की। एवं नम आंखों से मां दुर्गा की विदाई दी । मौके पर मीरा देवी जया देवी, अंजना देवी, सरिता देवी, दीपाली देवी, सीता देवी ,गौर चन्द बाउरी, दिनैश महतो ,सुजीत गयाली ,बसंत गयाली, जगरनू गयाली, गोपाल बाउरी, आनंद बाउरी, लालू बाउरी, मिंटू गायली, रंजीत पासवान, राजकुमार चौहान, राम जी चौहान आदि लोग शामिल थे।

# डीवीसी कैजुअल कर्मी की इलाज के दौरान मौत, स्वजनों ने नियोजन की मांग किया

न्यूज12 भारत संवाददता



मैथन। मैथन स्थिति डीवीसी के भू संपदा विभाग में कार्यरत डीवीसी के कैजुअल कर्मी देवजीत भट्टाचार्य के इलाज के दौरान मौत के बाद स्वजनों नियोजन की मांग करते हुए डीवीसी प्रबंधन से गुहार लगाया है हालांकि प्रबंधन अभी इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं बोल पा रहा है।

मालूम हो कि मई महीने में डीवीसी के कैजुअल कर्मी देवजीत भट्टाचार्य डीवीसी के बील वितरण के लिए जा रहे थे इसी दौरान मैथन डाइक एरिया में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिसमें उन्हें कमर में गंभीर चोट आई जिसके बाद उनका इलाज चल रहा था इसी दौरान 7 सितंबर को उन्हें देशन अस्पताल कोलकाता में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने 5 अक्टूबर को उनका ऑपरेशन किया और 10 अक्टूबर को उनका निधन इलाज के दौरान हो गया जिसके बाद स्वजनों ने इसकी सूचना डीवीसी प्रबंधन को दी पहले तो डीबीसी प्रबंधन की ओर से सारी सुविधाएं देने की बात कहा गया था लेकिन कैजुअल कर्मी के मौत के बाद प्रबंधन नियोजन देने में आनाकानी कर रहा है।

ऐसे में परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। देवजीत भट्टाचार्य की पत्नी पहले ही गुजर चुकी है उनका पुत्र रोहित भट्टाचार्य डीवीसी से नियोजन की गुहार लगा रहा और कहां की नियोजन नहीं मिला तो आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

इस मामले पर डीवीसी कैजुअल संगठन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन को मृतक के स्वजन को नियोजन एवं मुआवजा अभिलंब देना चाहिए जिससे कि परिवार को सहारा मिल सके। वही इस मामले पर डीवीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि इस घटना की ज्यादा जानकारी उन्हें नहीं है डीजीएम के आने के बाद ही इस पर ज्यादा कुछ कहा जा सकेगा ।

ऐसे में डीवीसी प्रबंधन सार्थक सहयोग नहीं करता है तो स्वजन आगे भविष्य में आंदोलन के लिए भी बाध्य होंगे।

## कोचिंग सेंटर में छात्रों की मौत के मामले में 6 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर

नई दिल्लीः दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में स्थित RAU'S IAS स्टडी सर्कल में एक भयानक जल सैलाब के कारण तीन छात्रों की जान जाने के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राउज एवेन्यू कोर्ट में छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है. इसके तहत परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, सरबजीत सिंह, कोचिंग के सीईओ अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को आरोपी बनाया गया है. घटना 28 जुलाई 2023 को घटित हुई जब RAU'S IAS स्टडी सर्कल के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन छात्र अचानक जल सैलाब में फंस गए. जब तक उन्हें बचाने की कोशिश की गई, तब तक उनकी मौत हो गई.

# कालीमेला के जंगलों में कोयले का काला खेल

न्यूज12 भारत संवाददता




जोड़ापोखर। भौरा ओ0पी0 छेत्र के कालीमेला के जंगली एरिया में सचालित अवैध कोल डिपो में अवैध कोयले की खरीद बिक्री में बर्चस्व को लेकर कोयला तस्करो में होड़ लगी है भौरा ओ0पी0 छेत्र के कालीमेला दो मुहल्ला जाने के रास्ते में घने जगलो में आस पास के बंद खदानों से कोयला चोर कोयला चोरी कर इकठा करते है और रात के अंधेरे में डम्फर या ट्रक में भर कर जोरपोखर थाना छेत्र से हो कर अबैध कोयला डिपो में खपाया जा रहा है। भौरा एवं जोरपोखर छेत्र में बड़े पैमाने पर बंद पड़ी ओपन कास्ट से कोयला चोरी कर ट्रक या फिर डम्फर में लोड कर के अवैध कोयला डिपो में रात के अंधेरे में बेचा जाता है। कालीमेला के रास्तों मे रोज अहले सुबह मोटरसाइकिल में कोयला लादकर कोयलाचोर बिनोद पुल के रास्ते अमलाबाद छेत्रों में कोयला बेचते नजर आ जाएंगे इन छेत्र में पुलिस कभी भी गस्ती नही लगाती है जिस कारण कोयला माफिया दिनों दिन माला माल हो रहे है। बताते चलें कि यही कोयला को लेकर बीते छह माह पूर्व बिनोद पुल के समीप दो गुटों में को जमकर मारपीट हुई थी। फिर भी प्रशासन चुप है और कोयला चोरी जारी है।

# विधायक राज सिन्हा ने किया शहरी स्वास्थ्य केंद्र केंदुआडीह में अल्ट्रासोनोग्राफी कमरे का उद्घाटन



न्यूज12 भारत संवाददता

लोयाबाद : शहरी स्वास्थ्य केन्द्र केन्दुआडीह मे सोमवार को धनबाद के विधायक राज सिन्हा के विधायक मद से एक रूम का निर्माण किया जिसका उद्धटान स्वयं राज सिन्हा ने फीता काटकर किया दरअसल यह स्वास्थ केन्द्र करकेन्द स्थित है जो धनबाद रांची मुख्य मार्ग पर स्थित है यहां पुटकी केन्दुआ करकेन्द लोयाबाद भागवांध बांसजोडा कच्छी बलिहारी और कुस्तौर के गरीब महिलाओं का ईलाज या प्रसव से संबंधित जांच की जाती है अल्ट्रासोनोग्राफी नही होने के वजह से यहां के महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और इसके लिए प्राइवेट से आल्ट्रासोनोग्राफी कराना होता था जो काफी खर्चीला था स्थानीय आजसू पार्टी के नेता जितेन्द्र पासवान उर्फ जितू पासवान और संतोष पासवान के द्वारा काफी लम्बे संघर्ष के बाद यहाँ आल्ट्रासोनोग्राफी मशीन की व्यावस्था जिला प्रशासन के द्वारा किया गया लेकिन स्वास्थ केन्द्र मे इसके लिए अलग से कमरा नही होने क वजह से आल्ट्रासोनोग्राफी मे दिक्कत हो रही थी ऐसे मे आजसू महानगर अध्यक्ष जितू पासवान ने धनबाद के वर्तमान विधायक से मिलकर स्वास्थ केन्द्र मे होने बाले समस्या से अवगत कराया उर्पयुक्त समस्या को संज्ञान मे लेकर विधायक राज सिन्हा ने अपने विधायक मद से आल्ट्रासोनोग्राफी के लिए स्वास्थ केन्द्र मे एक कमरा का निर्माण कराया गया जिसका स्वयं विधायक राज सिन्हा ने फीता काटकर उद्घाटन किया और एक दुसरे को मिठाई खिलाकर खुशिया मनाई वही मौके परविनय यादव मनोज मालाकार आनन्द खंडेलवाल रवि सिन्हा राजा चौधरी रंजन सिंह अमित पासवान सुमित कुमार और अमित मालाकार।

## आमटाल दुर्गा मंदिर में महाष्टमी के शुभ अवसर पर महिलाएं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



न्यूज12 भारत संवाददता

धनबादः बलियापुर -आमटाल पंचायत के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के द्वारा महा अष्टमी के शुभ दिन के अवसर पर सक्रिय युवाओं ने बच्चों एवं महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया था जिसमें विभिन्न तरह के आयोजन था जैसे सामान्य ज्ञान के प्रश्न, म्यूजिकल चेयर ,गीत –संगीत, मोमबत्ती जलाना,छोटे-छोटे बच्चों के लिए नित प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए शंख बजाने प्रतियोगिता आदि जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी दी एवं महिलाओं ने उत्सुकता के साथ शंख बजाने के प्रतियोगिता में अपना भागीदारी दी इस प्रतियोगिता को देखने के लिए गांव के सभी टोला से बच्चे ,बुजुर्ग ,युवा, महिला देखने आए थे। इस आयोजन से सभी बहुत ही खुश थे एवं युवकों के इस कार्य के लिए सभी सराहना कर रहे थे इस आयोजन को सफल करने के लिए रॉकी चटर्जी, गौतम चंद्र,आकाश माझी, अचिंत चटर्जी, धनंजय ग्राचार्य,उज्जवल चक्रवर्ती ,सीमांत चक्रवर्ती, राकेश चक्रवर्ती शुभ चक्रवर्ती, बिट्टू चटर्जी ,लालतू चटर्जी, जीत चटर्जी ,साधन चक्रवर्ती आदि।




# मतदाता जागरूकता सेमिनार: युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कदम

न्यूज12 भारत संवाददता



सिंदरी : हर्ल में आयोजित मतदाता जागरूकता सेमिनार ने युवाओं को मतदान प्रक्रिया और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जी एम सुरेश प्रमाणिक ने हिस्सा लिया, जिन्होंने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

सुरेश प्रमाणिक ने अपने संबोधन में बताया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवा मतदाताओं को प्रेरित किया कि वे अपनी आवाज उठाएं और सक्रिय रूप से चुनावी प्रक्रिया में भाग लें। उन्होंने कहा, “आपका एक वोट लोकतंत्र की दिशा तय कर सकता है। इसे हल्के में न लें।” मंशुल जैन गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक दुमका, जो इस सेमिनार में उपस्थित थे, ने भी युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा, “यह जरूरी है कि युवा समझें कि उनका वोट उनकी भविष्य की दिशा को निर्धारित कर सकता है। वे समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं।” संत सिंह सुजीत दुबे गौतम माझी भी उपस्थित रहे।

इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। इसके तहत मतदान प्रक्रिया, उम्मीदवारों का चयन, और चुनावों में भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने सक्रिय रूप से सवाल पूछे और अपनी शंकाएँ स्पष्ट कीं, जिससे उन्हें चुनावी प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी मिली।

मतदाता जागरूकता के ऐसे कार्यक्रम लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब युवा मतदाता सही जानकारी के साथ मतदान करते हैं, तो वे न केवल अपने भविष्य को सुरक्षित करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य भी करते हैं।

इस सेमिनार ने यह साबित कर दिया कि जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से युवा मतदाता अपनी शक्ति को पहचान सकते हैं और अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकते हैं। उम्मीद है कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, जिससे लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी और भी बढ़ सके।

# 6,7 एवं 8 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा पुनपुन महोत्सव

न्यूज12 भारत संवाददता



पुनपुन नदी क़ो अतिक्रमणमुक्त करने के लिए पाँच वर्षो से महोत्सव का किया जा रहा आयोजन, फ़िर भी सरकार की कुम्भकर्णी नींद नहीं टूट रही । आयोजन हेतु 25 लाख का आवंटन आवंटित करने हेतु विहार सरकार से की गयी मांग ।

उक्त निर्णय पुनपुन महोत्सव टंडवा आयोजन समिति की आज हुई बैठक में लिया गया । बैठक बिनोद सोनी टंडवा के आवास पर अध्यक्ष रामजन्म सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि 5 वर्षो से लगातार महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन जन सहयोग से होते आ रहे हैं । परन्तु इसकी स्थाई तिथि तय नहीं हो पाया है , इसलिए एक स्थाई तिथि तय कर जिला प्रशासन और कला, संस्कृति एवं युवा विभाग विहार सरकार को भेज दिया जाय । उक्त प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया और सर्व सम्मति से श्रीराम सीता विवाह तिथि मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष के पंचमी से शुरू होकर षष्ठी और सप्तमी तक तीन दिवसीय आयोजन करने का निर्णय लिया गया इस वर्ष इसका अंग्रेजी तिथि 6,7 एवं 8 दिसंबर होगा। दुसरे प्रस्ताव में उक्त आयोजन हेतु 25 लाख का आवंटन आवंटित करने कि मांग कला, संस्कृति एवं युवा विभाग विहार सरकार से करने का निर्णय लिया गया । पत्र लिखने की जिम्मेदारी संरक्षक सिद्धेश्वर विद्यार्थी को दिया गया । अन्य प्रस्ताव के जरिए जिला प्रशासन और कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से मांग किया गया कि महोत्सव के कार्यक्रम निर्माण और उसके कार्यान्वयन में महोत्सव आयोजन समिति को प्राथमिकता दी जाये। विदित हो कि विहार ही नहीं वर्ण सम्पूर्ण देश स्तर पर पुनपुन का ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व है। गौरव की बात है कि उक्त नदी का उद्गम स्थल टंडवा है। परन्तु इस नदी का लगातार अतिक्रमण हो रहा है तथा यह नदी नाला बन कर रह गया है । 2019 से महोत्सव आयोजित कर उक्त नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने , अविरल धारा बहाने , अपेक्षित विकास कराने और इसे पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने हेतु जन सहयोग से महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । अतः एवं सरकार अब इस महोत्सव का अधिग्रहण कर लिया है जो खुशी की बात है बैठक में दीपक वैद्य, दिवाकर चन्द्र , मनोज कुमार सोनी, जितेंद्र मेहता, राहुल तिवारी, बिनोद कुमार सोनी, महोत्सव कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद सिंह, कोपररैटिव अध्यक्ष अश्विनी सौरभ, शिक्षक शिवपूजन सिंह, बिनोद मालाकार, सचिव राजेश अग्रवाल, सुमेर यादव, लालमोहन मेहता , संरक्षक सिद्धेश्वर विद्यार्थी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

## बाघमारा प्रखंड के बरोरा में पीसीसी रोड पर गड्ढा होने से यातायात बाधित



न्यूज12 भारत संवाददता

बाघमारा।बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बरोरा थाना क्षेत्र बरोरा दुर्गा मंदिर मेला के समीप पीसीसी रोड के किनारे में गोप हो गया है।देखा जय तो इस स्थान के किनारे बीसीसीएल द्वारा पेजल की हॉवेल लगाई गई है।जिस से पानी की रिसाव से स्थल का मिट्टी पानी के साथ बहकर गंडा हो जाने से पीसीसी रोड तंगी हुई है।इस मार्ग से कई छोटी बड़ी गाड़ियों का परिचल होती है।

बताया जाता है कि रोज इस स्थल से मंदरा नया क्वार्टर की पानी की सफ्लाई का कनेक्शन का कार्य चलती है।इसे जल्द अगर मट्टी नही भराया गया तो मार्ग में अप्रिय घटना हो सकती है।

## शब्दाक्षर बिहार प्रदेश इकाई का हुआ पुनर्गठन

**कन्हैया लाल उपाध्यक्ष,विनय मामूली सचिव,प्रचार मंत्री सुरेश विद्यार्थी बनाए गए**

न्यूज12 भारत संवाददता




औरंगाबादः राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की बिहार प्रदेश इकाई का पुनर्गठन किया गया। शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के आह्वान पर बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र पद्मनाभ के संस्तुति पर बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया लाल मेहरवार, प्रदेश सचिव विनय मामूली बुद्धि ,प्रदेश प्रचार मंत्री सुरेश विद्यार्थी को नियुक्त किया गया।इससे संबंधित राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय रवि प्रताप सिंह ने तीनों के नाम से चिट्ठी जारी की और उन्हें बधाई देते हुए कहा कि बिहार प्रदेश में संगठन की मजबूती के लिए इन लोगों को आने से बेहतर साहित्यिक परिवेश को नई दिशा मिलेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हमारा उद्देश्य हिंदी उत्थान,जय शब्दाक्षर,जय हिंदुस्तान का जो नारा दिया है उस नारे को चरितार्थ करना है और हिंदी भाषा को वैश्विक क्षितिज पर स्थापित करने की परिकल्पना को संकल्पित करते हुए राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करना है। इन तीनों के मनोनयन पर राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी,जिलाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद केसरी,अनुज बेचैन,जनार्दन मिश्र जलज,अनिल कुमार अनल सहित कई साहित्य सेवियों ने उन्हें बधाई दी है।

## हर भाजपा कार्यकर्ता सौ सदस्य बनाए - बलराम नारायण मंडल

न्यूज12 भारत संवाददता



गया। गया जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यशाला की बैठक जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने की। इस कार्यशाला का संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ अनुज कुमार ने किया। सर्वप्रथम पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर और वन्दे मातरम के साथ कार्यशाला आरम्भ की गई। इस कार्यशाला में प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष बलराम नारायण मंडल ने भाग लिया। इस बैठक में वजीरगंज के लोकप्रिय विधायक वीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद रामजी मांझी, सहित जिला प्रभारी राजेश कुशवाहा, राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार प्रदेश प्रभारी बिनोद तावड़े के सहयोगी अभिषेक मौर्या, गया लोकसभा संयोजक क्षितिज मोहन सिंह, औरंगाबाद प्रभारी अनिल कुमार सिंह, सदयस्ता प्रभारी डॉ अनुज कुमार सह प्रभारी बिनोद सिंह, जिला पदाधिकारी, मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल के सदस्यता संयोजक उपस्थित हुए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी बलराम मंडल ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भाजपा के सदस्यता अभियान को और गति देना तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना था। उन्होंने कहा कि भाजपा को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती देने के लिए लोगों की भागीदारी बढ़ाना आवश्यक है। वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया और उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना है और इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। इस कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को अभियान के तरीकों और नीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही बैठक में आगामी चुनावों के मद्देनजर पार्टी की रणनीति पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं में विशेष जोश और उत्साह देखा गया और सभी ने 100 सदस्य बनाने का संकल्प लिया। जिला प्रभारी राजेश कुशवाहा ने कहा कि गया जिला सदस्यता में अव्वल रहे, इसके लिए गाँव गाँव में जाकर सदस्यता अभियान को गति दें। अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने कहा कि गया जिला संगठन को नंबर एक बनाने के लिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता 100 सदस्य अवश्य बनाए। गया जिला के सभी कार्यकर्ता अनुभवी हैं और संगठन के रीढ़ हैं। मुझे आशा है कि, गया जिला को सदस्ता एक नंबर पर लाने के लिए संकल्पित हैं आज के कार्यशाला में विजय मांझी,संतोष सिंह,डां मनिष पंकज मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, पप्पू चंद्रवंशी, सुधांशु मिश्रा, एस राजेश आनंद, नागेंद्र शर्मा, रामप्रवेश सिंह, करुणा सिंह,संजय सिंह, देवानंद पासवान, शंभू यादव, पंकज लोहनी, रंजीत चौहान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं।

## प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी अजय कुशवाहा ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा से दिया त्यागपत्र, पार्टी में व्याप्त अनुशासन हीनता लगाया आरोप



न्यूज12 भारत संवाददता

गया ।राष्ट्रीय लोक मोर्चा के ई० अजय कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष-सह-क्षेत्रीय प्रभारी जिला- जहानाबाद, अरवल, नालन्दा एवं कैमूर एवं विगत गया लोक सभा चुनाव में एन.डी.ए. गठबंधन प्रत्याशी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार जीतन राम मांझी का चुनाव अभिकर्ता रहे एवं 2020 अतरी विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी एवं शिक्षाविद, डॉ० परमानन्द कुशवाहा, प्रदेश महासचिव-सह-जिला प्रभारी, पटना पार्टी में व्याप्त अनुशासन हीनता के कारण संयुक्त रूप से पार्टी के सभी पदों एवं प्रथामिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रहे हैं। हमलोगों के साथ पार्टी के सुपेन्द्र कुशवाहा, प्रदेश सचिव-सह-मुखिया, श्रीमति चन्द्रकान्ता सिन्हा, पूर्व जिला पार्षद, बेलागंज विधान सभा अन्तर्गत, अयोध्या कुमार, प्रभाकर अरवल जिलाध्यक्ष, अनुसूचित जाति प्रकोष्ट, कमलेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष, गौतम कुशवाहा, संजीव कुशवाहा, छोटु प्रसाद, संटु कुशवाहा, संजीत कुमार, रामचन्द्र सिंह, राममोहन सिंह, सभी लोग पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रहे हैं।

हमलोग अपने-अपने समर्थकों से विचार-विमर्श करके आगे की रणनीति तय करेंगे।

ई० अजय कुशवाहा का कहना है कि बेलागंज उपचुनाव में प्रत्याशी बनाने के लिए हमारे सभी समर्थकों का भारी दबाव है। इसका निर्णय जल्द ही कुछ दिनों के अन्दर अपने समर्थकों से विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लेंगे। समर्थकों का जो निर्णय होगा वो सर्वमान्य होगा।

## बुध्दिजीवी जन कल्याण मंच की ओर से स्वागत सह विदाई समारोह का हुआ आयोजन

न्यूज12 भारत संवाददता



सिन्दरी : आज बुध्दिजीवी जन कल्याण मंच की ओर से पूर्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदरणीय भूपेन्द्र प्रसाद राउत जी को अंग वस्त्र और गुलदस्ता भेट कर स्नेहपूर्ण विदाई और वर्तमान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदरणीय अशुतोष सत्यम जी को गुलदस्ता और मेमोरेंडम देकर सिन्दरी की पावन धरती पर स्वागत किया गया।

मेमोरेंडम मे सत्यम सर जी को सिन्दरी की समस्याओ से अवगत कराया गया जो निम्न हैः

1 पेट्रोलिंग पार्टी के सक्रियता को वढाने का सलाह दिया गया जिससे आनेवाले त्योहार को शान्तिपूर्ण समापान किया जाय।

2 दो पहिया की चोरी पर अंकुश नितांत आवश्यक है।

3 महिना मे एक वार तनाव से मुक्ति के लिए सामाजिक सद्भाव वनाये रखने के लिए एक बैठक जरूरी है।

4 युवा शक्ति तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल चलाने पर अंकुश जरूरी है।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सर जी ने उपरोक्त बिन्दुओ पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिये।

इस कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए निम्नलिखित बुध्दिजीवी भाईयो ने अपना बहुमूल्य समय दियेः-

प्रो डा बी एन राय, सुरेश प्रसाद, मदन प्रसाद, प्रो नरेश कुमार सिंह, अमित कुमार, विनोद राम, रामप्रसाद जी, सूर्यदेव सिंह, बुधन राम, विरेन्द्र राम, त्रिभूवन सर जी नरसिंह राम, गोपाल रजक के साथ अन्य साथियो ने योगदान दिए।

## एस.जे.ए.एस ब्लड सेंटर के शुभारंभ के दिन पर ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने किया रक्तदान




न्यूज12 भारत संवाददता

धनबाद : धनबाद के पांडरपला भूली बायपास नियर विनोद चौक के समीप एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एस.जे.ए.एस ब्लड सेंटर का शुभारंभ हुआ। जहाँ ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल एवं केंद्रीय सदस्य अमित रवानी के नेतृत्व में ह्यूमैनिटी टीम के सक्रिय सदस्य शिबू मंडल और करण रवानी ने ब्लड बैंक का आज पहला दिन पर रक्तदान-महादान किया। मौके पर रक्तदान करने वाले सदस्य को अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, ललिता चौहान, सुदीप पांडेय, गौतम कुमार मंडल के द्वारा सम्मानित किया गया।

## बुरुडीह गांव के सरस्वती मंदिर के समीप जलमीनार के निर्माण कार्य का जिला परिषद् पिंकी मंडल ने किया भूमि पूजन

**800 परिवार के लोगों को मिलेगा लाभ ,ग्रामीणों में ख़ुशी**

न्यूज12 भारत संवाददता



गम्हरियाः सरायकेला जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बुरुडीह गांव के सरस्वती मंदिर के समीप 15 वें वित्त आयोग के मद से जिला परिषद से निकाली गई निविदा में बुरुडीह पंचायत के बड़ीह गांव के सरस्वती मंदिर के सामने जलमीनार के कार्य का भूमि पूजन हुआ। जिला परिषद् निधि से स्वीकृत लगभग 4 लाख 78 हजार 600 से बनने वाले सोलर जलमीनार के निर्माण कार्य का भूमि पूजन जिला परिषद् सदस्य पिंकी मंडल के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। यहां जलमिनार के लगने से गांव के 800 ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। इस भूमि पूजन में ग्रामीण भी उपस्थित थे । भूमि पूजन होने से गांव के लोगो में खुशी का माहौल है। जलमिनार ना होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था ।पर अब जलमीनार लगने से लोग आराम से पानी का लाभ उठा सकते हैं और उन्हें किसी भी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना होगा। वहीं भूमि पूजन में जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल, वार्ड सदस्य वीणा रानी मंडल, अजय मंडल, ग्राम प्रधान रघुनाथ मंडल , पूर्व वार्ड सदस्य कवि लाल मंडल,विमल मंडल, दिलीप मंडल, बादल मंडल, ममता मंडल,संवेदक उषा इंटरप्राइजेज के साथ साथ गांव के सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष के निवास पर भगवान राम की टोलियों की आरती किए डॉ प्रेम कुमार मंत्री

न्यूज12 भारत संवाददता



बिहार भाजपा के वरीय नेता और बिहार सरकार में सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने गया जिला अंतर्गत दशहरा के मौके पर विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया।

मंत्री ने दुर्गा पूजा के एकादशी के अवसर पर मां दुर्गा पूजा समिति राजेंद्र आश्रम के निकट टील्हा धर्मशाला के पास भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा, उन्होंने बोधगया क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर में सुदर्शन न्यूज़ बिहार चैनल के क्षेत्रीय कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होकर शुभकामनाएं दीं।

वहीं आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष के निवास से भगवान राम की टोलियों की आरती के उपरांत भरत मिलाप कार्यक्रम के लिए शोभा यात्रा में प्रस्थान किया। इसके अलावा, फतेहगंज टिकारी रोड गया में भरत और शत्रुघ्न के आरती कर शोभायात्रा को कोतवाली चौक के लिए रवाना किया गया।

बजाजा रोड पर श्री दशहरा पूजा कमेटी के अध्यक्ष अजय तरवे एवं समिति के पदाधिकारी के द्वारा श्री राम एवं भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वहीं नरसिंह भगवान प्रतिमा के निकट सम्राट क्लब द्वारा आयोजित मां भगवती जागरण में भी शामिल हुए एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

अंत में, टिकारी रोड में मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को भोजन परोसने का काम मंत्री द्वारा किया गया। मंत्री ने दूरदर्शन न्यूज चैनल के उद्घाटन के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि लगभग दो दशक पूर्व 2005 में सुदर्शन न्यूज की शुरुआत की गई थी। यह चैनल राष्ट्रवाद की बुलंद आवाज को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से काम कर रहा है।

मंत्री ने दशहरा के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने धर्म एवं राष्ट्र के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए। जो हमारे हिंदू धर्म के संस्कार हैं, उनको कभी भुला नहीं जा सकता है। वहीं मौके पर प्रेम सागर, देवानंद पासवान,,विकास कुमार, विनय जैन, धीरू कुमार, जितेंद्र कुमार,रॉकी चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पार्टी के नेता उपस्थित रहे हैं।

## मेयर-डिप्टी मेयर के नेतृत्व में पांच वार्डों में चला स्वच्छता का महाअभियान

### युद्धस्तर पर डेंगू के रोकथाम के लिए करायी गई फॉगिंग

न्यूज12 भारत संवाददता




गया। गया नगर निगम के द्वारा व्यापक साफ सफाई को लेकर भी विगत कई दिनों से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को निगम के वार्ड संख्या 4, 5, 6, 7 और 8 में स्वच्छता अभियान चलाया गया है ।इस दौरान मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ़ गणेश पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव सहित निगम के पदाधिकारियों कर्मचारियों और वार्ड पार्षदों ने सड़कों पर झाड़ू लगाया और स्वच्छता का संदेश दिया है।इसके अलावा निगम के आधुनिक वाहनों द्वारा व्यापक तौर पर फागिंग की गई है ।वहीं निगम के जनप्रतिनिधियों ने स्कूली बच्चों के साथ स्वच्छता के प्रति संकल्प लिया और घर-घर लोगों के बीच जाकर स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने की अपील किया है।

इस मौके पर मेयर ने कहा कि स्वच्छता हम सबकी धरोहर है। स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। इसके लिए जन सहयोग की अहम भूमिका है। पूर्व डिप्टी मेयर सह स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि विगत कई दिनों से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा था।

दशहरा पर्व को लेकर तीन दिनों तक इसे बंद कर दिया गया था और एक बार पुनः यह अभियान चालू किया गया है. छठ पूजा तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। हमारा प्रयास होगा निगम के सभी वार्डों में यह अभियान चलाया जाए।इस अभियान के तहत हम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं, जिस दिन लोग पूरी तरह से जागरुक हो जाएंगे, उस दिन लोगों का जीवन स्वस्थ और सुखमय होगा, उन्होंने कहा कि गया शहर सफाई में अच्छे पायदान पर आए, इसे लेकर हमलोग लगातार मेहनत कर रहे हैं। इसमें निगम के पदाधिकारी, कर्मचारी, वार्ड पार्षद गण लगे हुए हैं. डोर-टू-डोर यह अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान बेहतर साफ सफाई करने वाले निगम कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया है।इस मौके पर उप नगर आयुक्त शिव नाथ ठाकुर, पार्षद चुन्नू खां, अनुपमा कुमारी, जय प्रकाश सिंह यादव, रसिया गजाला सहित अन्य मौजूद थे।